Ruma Devi Foundation

रूमा देवी - सुगणी देवी अक्षरा छात्रवृति योजना नियमावली/ संहिता

प्रस्तावना: -

फैशन डिजाइनर एवं समाज सेविका डॉ. रूमा देवी की पहल पर रूमा देवी फाउंडेशन द्वारा जी.वी.सी.एस. संस्थान और गढ़वाल फाउंडेशन के सहयोग से बाड़मेर व बालोतरा जिले के ग्रामीण परिवेश से आने वाले जरूरतमंद विद्यार्थियों, कलाकारों और खिलाड़ियों के लिए छात्रवर्ति योजना 'अक्षरा' का शुभारंभ किया गया है । यह योजना अब पंचम वर्ष मै प्रवेश कर रही है श्रीमती रूमा देवी की यह पहल है कि कोई भी ग्रामीण विद्यार्थी शिक्षा से, खिलाड़ी खेल से और कलाकार कला साधना से वंचित ना रहे । इस योजना के अंतर्गत शिक्षा, कला, खेल तथा मेडिकल व तकनीकी शिक्षा, इन चार क्षेत्रों में ग्रामीण विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसमें 60% छात्रवृत्तियाँ ग्रामीण बालिकाओं के लिए आरक्षित हैं।

नोट:- मेडिकल व तकनीकी शिक्षा के लिए अवार्ड – रूमा देवी - सुगणी देवी स्कॉलर्स अवार्ड: गाँव की पृष्ठभूमि से आने वाली ऐसी 8 प्रतिभाशाली बालिकाओं को, जिन्होंने मेडिकल या तकनीकी शिक्षा में नियमित रूप से प्रवेश लिया है, उन्हें प्रति छात्रा एक लाख रुपये 'रूमा देवी - सुगणी देवी स्कॉलर्स अवार्ड' के रूप में प्रदान किए जाएँगे ।

छात्रावर्ति के क्षेत्र और पात्रता: -

1. शिक्षा-
   - अभी कक्षा 11वीं और 12वीं में आए विद्यार्थी
   - स्नातक (graduation) के किसी भी वर्ष का विद्यार्थी या कक्षा 12 वीं के बाद किसी डिप्लोमा या समकक्ष कोर्स का विद्यार्थी
2. कला-
   - ऐसे विद्यार्थी जो किसी पारंपरिक या सांस्कृतिक कला क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत हों और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हों।

3. खेल-

- खेल के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ी।

प्रक्रिया:-

1. विद्यार्थी को गूगल फॉर्म से पंजीयन करना होगा।
2. प्राथमिक रूप से चयनित विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों सहित साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा।
3. साक्षात्कार के उपरांत अंतिम चयन सूची जारी की जाएगी।

मेडिकल व तकनीकी शिक्षा रूमा देवी - सुगणी देवी स्कॉलर्स अवार्ड

प्रस्तावना:-

"रूमा देवी सुगणी देवी अक्षरा छात्रवृत्ति योजना" के अंतर्गत मेडिकल व तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए एक विशेष श्रेणी – 'रूमा देवी - सुगणी देवी स्कॉलर्स अवार्ड' का प्रावधान किया गया है। इस श्रेणी के अंतर्गत, गाँव की पृष्ठभूमि से आने वाली 8 प्रतिभाशाली बालिकाओं, जिन्होंने मेडिकल अथवा तकनीकी शिक्षा के किसी प्रतिष्ठित संस्थान में नियमित रूप से प्रवेश लिया है, उन्हें प्रति छात्रा एक लाख रुपए की अवार्ड राशि प्रदान की जाएगी।

शर्तें : -

1. लाभार्थी बालिका बाड़मेर व बालोतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र से हो।
2. बालिका के माता-पिता आयकरदाता न हों।
3. जिन्होंने प्रवेश ले लिया है, उनका चयन मेरिट के आधार पर किया जाएगा। साथ ही, विशेष परिस्थितियों में आर्थिक व सामाजिक रूप से कमजोर स्थिति व चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए भी चयन किया जा सकता है।

महत्वपूर्ण सूचना:- उपरोक्त छात्रवृत्ति व अवार्ड योजना में निर्णायक समिति का निर्णय अंतिम होगा, तथा आवश्यकता पड़ने पर समिति द्वारा नियमों में संशोधन/परिवर्तन किसी भी समय किए जा सकते हैं।

Contact Us

Address: Ruma Devi Foundation Opposite Kisan Girls Hostel Baldev Nagar, Barmer Rajasthan 344001
www.rumadevifoundation.org